AJ-1375

B.A. Private (Part–I) Term End Examination, 2021-22

HINDI LITERATURE (Paper-II)

Time : 3 hours] **[Maximum Marks : 75**

नोट- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं ।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **3×10=30**

(अ) बरसात के दिन हैं, सावन का महीना। आकाश में सुनहरी घटाएँ छाये हुई हैं। रह-रहकर रिमझिम वर्षा होने लगती है। अभी तीसरा पहर है, पर ऐसा मालूम हो रहा है जैसे शाम हो गई। आमों के बाग में झूला पड़ा है। लड़कियाँ भी झूल रही हैं और उनकी माताएँ भी। दो-चार झूल रही है, दो-चार झूला रही हैं। कोई कजली गाने लगती है, कोई बारहमासा।

(ब) जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।

(स) जहाँ बाल-बच्चे और घर-बार होता है, सौ किस्म की झंझटें होती ही हैं । कभी बच्चे को तकलीफ है, तो कभी जच्चा को। ऐसे वक्त में कर्ज की जरूरत कैसे न हो ? घर-बार हो, तो कर्ज भी होगा ही।

(द) खेती-बारी के समय गाँव के किसान सिरचन की गिनती नहीं करते। लोग उसको बेकार ही नहीं 'बेगार' समझते हैं। इसलिए खेत-खलिहान की 'मजदूरी' के लिए कोई नहीं बुलाने जाता है सिरचन को। क्या होगा उसको बुलाकर? दूसरे मजदूर खेत पहुँचकर एक-तिहाई काम कर चुकेंगे, तब कहीं सिरचन राय हाथ में खुरपी डुलाता हुआ दिखाई पड़ेगा, पगडंडी पर तौल-तौलकर पाँव रखता हुआ, धीरे-धीरे। मुफ्त में मजदूरी देनी हो तो और बात है।

(य) बाजार बाँसाँ में उस दिन भी चहल-पहल नहीं थी क्योंकि उस बाजार के रहने वाले ज्यादातर लोग तो अपने मकानों के साथ ही शहीद हो गये थे और जो बचकर चले गये थे, उनमें से शायद किसी में भी लौटकर आने की हिम्मत नहीं थी।

2. 'गबन' उपन्यास की केन्द्रीय समस्या पर प्रकाश डालिए। **10**

अथवा

गबन उपन्यास की नायिका जालपा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

3. 'कफन' प्रेमचन्द की यथार्थवादी परम्परा की सर्वश्रेष्ठ कहानी है। स्पष्ट कीजिए। **10**

अथवा

'मलबे का मालिक' कहानी में विभाजन की त्रासदी का सटीक वर्णन किया गया है। स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : **3×5=15**

(अ) गबन उपन्यास का देशकाल और वातावरण

(ब) आकाशदीप की भाषा-शैली

(स) परदा कहानी का उद्देश्य

(द) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' जी की रचनाएँ

(य) शिवानी की कहानी कला

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(अ) 'गबन' उपन्यास के नायक का नाम लिखिए।

(ब) 'घीसू' और 'माधव' किस कहानी के पात्र हैं?

(स) 'आकाशदीप' के रचनाकार का नाम बताइए।

(द) 'परदा' कहानी समाज के किस वर्ग की कहानी है?

(य) 'ठेस' कहानी के नायक का नाम बताइए।

(र) 'मलबे का मालिक' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ल) 'चीफ की दावत' कहानी के लेखक कौन हैं?

(व) 'गदल' कहानी के मुख्य पात्र का नाम बताइए।

(श) शिवानी का जन्म कहाँ हुआ था?

(ष) कहानी के कितने तत्व होते हैं?

(ह) पाठ्यक्रम में कितनी कहानियाँ संकलित हैं?

(प) द्रुत पाठ के किन्हीं एक रचनाकार का नाम बताइए।